आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484

# जननायक सम्राट

वर्ष :12 अंक :267 पृष्ठ -4 दिनांक 23 सितम्बर 2024 दिन सोमवार



# मथुरा के मंदिर-मस्जिद विवाद में आज अहम सुनवाई

## ईदगाह कमेटी की अर्जी पर हिंदू पक्ष देगा जवाब



**मथुरा** की श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद के बीच चल रहे जमीन विवाद के मुकदमे में इलाहाबाद हाईकोर्ट में आज बेहद अहम सुनवाई होनी है. आज की सुनवाई जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच में दोपहर करीब तीन बजे से होगी. आज मुख्य रूप से मुस्लिम पक्ष द्वारा दाखिल की गई रिकॉल अर्जी पर सुनवाई होनी है. शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी ने हिंदू पक्ष की तरफ से दाखिल की गई डेढ़ दर्जन या. चकाओं पर एक साथ सुनवाई किए जाने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी है. आज  की सुनवाई में हिंदू पक्ष को शाही ईदगाह कमेटी की रिकॉल अर्जी पर अपना जवाब दाखिल करना है. इसके साथ ही आज मथुरा के मंदिर मस्जिद विवाद का ट्रायल डे टु डे बेसिस पर किए जाने की मांग पर भी सुनवाई हो सकती है.चार सितंबर को हुई पिछली सुनवाई में मुस्लिम पक्ष को इलाहाबाद हाईकोर्ट से फौरी राहत मिली थी. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष द्वारा दाखिल किए गए डेढ़ दर्जन मुकदमों का ट्रायल शुरू करने से पहले शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी की रिकॉल अर्जी पर सुनवाई करने का फैसला करते हुए मंदिर पक्ष से जवाब तलब कर लिया था. मस्जिद कमेटी ने की थी रिकॉल अर्जी दाखिल  हाईकोर्ट ने कहा था कि मथुरा के मंदिर मस्जिद विवाद में वह मुस्लिम पक्ष की री कॉल अर्जी को निस्तारित करने के बाद ही सुनवाई करेगा. गा. ॱरतलब है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इसी साल जनवरी महीने में मथुरा की श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से जुड़ी हिंदू पक्ष की सभी अठारह याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करने का आदेश पारित किया था. शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी ने इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में रिकॉल अर्जी दाखिल की थी. मुस्लिम पक्ष की तरफ से तसनीम अहमदी बहस कर रही हाईकोर्ट ने इस री काल अर्जी को निस्. तारित किए बिना ही याचिकाओं की पोषणीयता पर सुनवाई शुरू कर दी थी और अपना फैसला भी सुना दिया था. मुकदमों के ट्रायल से पहले वाद बिंदु तय करने के लिए प्रस्ताव दिए जाने के दौरान आज होने वाली सुनवाई में मस्जिद कमेटी ने अदालत से सबसे पहले रिकॉल अर्जी निस्तारित करने की अपील की. मुस्लिम पक्ष की तरफ से सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता तसनीम अहमदी बहस कर रही हैं. सुनवाई में हलफनामा भी दाखिल हो सकता है अदालत ने ट्रायल की प्रक्रिया शुरू करने से पहले रिकॉल अर्जी निस्तारित करने का फैसला किया है. इस बारे में हिंदू पक्ष से जवाब तलब कर लिया था.

मामले की सुनवाई आज जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच में हो रही है. मस्जिद कमेटी ने वाद संख्या सात में रीकाल अर्जी दाखिल की है. पिछली सुनवाई में हिंदू पक्षकार आशुतोष पांडेय ने इस मामले में डे टूडे बेसिस पर सुनवाई किए जाने की मांग की थी. इसके अलावा अधिवक्ता हरे राम त्रिपाठी ने अलग से हलफनामा दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय मांगा था. आज की सुनवाई में उनका हलफनामा भी दाखिल हो सकता है.कोर्टने मुस्लिम पक्ष की आपत्तियों को रद्द कर दिया था

बता दें कि मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद को भगवान श्री कृष्ण का जन्म स्थान बताकर हिंदू पक्ष की तरफ से कई मुकदमे मथुरा की अदालत में दाखिल किए गए थे. हाईकोर्ट ने अयोध्या विवाद की तर्ज पर मथुरा विवाद की सुनवाई सीधे तौर पर अपने यहां करने का फैसला किया था. मुकदमोंकी पोषणीयता को लेकर मुस्लिम पक्ष ने आ. पत्ति दाखिल की थी. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक अगस्त को दिए गए फैसले में मुस्लिम पक्ष की आपत्तियों को रद्द कर दिया था. हिंदू पक्ष की याचिकाओं को सुनवाई के लायक माना था.

## यूपी में इन जिलों में बारिश का कमबैक, फिर चलेंगी पुरवइया, 3-4 दिन होगी बरसात, IMD का अलर्ट



**उत्तर प्रदेश** में पिछले कई दिनों से बारिश पर ब्रेक लगता दिख रहा है. मौसम साफ है और सूरज के भी दर्शन हो रहे हैं. लेकिन, बारिश का ये सिल. सिला अभी खत्म होने नही जा रही है. जल्द ही एक बार फिर से यूपी में पुरवाई हवाएं चलने के आसार बन रहे हैं, जिसके बाद एक बार फिर प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश देखने को मिल सकती है. मौसम विभाग की माने तो सोमवार को भी मध्य प्रदेश से सटे जिलों में बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है. मौसम विभाग के मुता. बिक यूपी में आज 23 सितंबर को बुंदेलखंड के ललितपुर, झांसी व आ. सपास के इलाकों में बूंदाबांदी देखने को मिलेगी. जबकि मंगलवार से अगले तीन से चार दिनों तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश के आसार है. मानसून की विदाई से पहले प्रदेश में एक बार फिर से कई जगहों पर बारिश होगी. जिसकी वजह बंगाल की खाड़ी में फिर से बन रहा कम दबाव है. इस नए वेदर सिस्टम का यूपी में भी असर होगा. यूपी में फिर से बरसेंगे बादल यूपी में इन दिनों मौसम एकदम साफ है, धूप भी निकल रही है जिसकी वजह से लोगों को उमस और गर्मी का सामना करना पड़ रहा है. लेकिन अब एक बार फिर से बारिश की खबर ने लोगों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है. मंगलवार से तीन-चार दिन पूर्वी व पश्चिमी यूपी के कई जिलों में गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है. इस दौरान बिजली गिरने की भी चेतावनी दी गई है. तीन दिन बाद तापमान में 2-4 डिग्री तापमान में गिरावट आ सकती है. यूपी में इन दिनों अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री से 32.2 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा है पिछले 24 घंटे में सर्वाधिक अधिकतम तापमान प्रयागराज में 36.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री तक रहा. वहीं न्यूनतम तापमान गाजीपुर में 23.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.

## यूपी में अब इन लोगों की सैलरी पर लटकी तलवार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया सख्त फैसला



**उत्तर प्रदेश** के योगी आदित्यनाथ सरकार चल अचल संपत्ति का ब्योरा नहीं देने वाले कर्मचारियों को बचाने वाले आहरण वितरण अधिकारी यानी डीडीओ का भी वेतन रोकने की तैयारी में हैं. मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इस संबंध में सभी विभागों को निर्देश जारी कर दिया है. कर्मचारी मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति की घोषणा कर सकते हैं. इसकी अंतिम तारीख 30 सितंबर है. मुख्य सचिव ने की ओर से जारी आदेश के मुताबिक अब तक 90 फीसद कर्मचारी अपनी चल-अचल संपत्ति का पूरा ब्योरा पोर्टल पर जारी कर चुके हैं. उन्होंने कहा कि 12 सितंबर तक यूपी के कुल 844374 कर्मचारियों में से 719807 कर्मचारियों और अधिकारियों ने अपनी चल अचल संपत्ति की जानकारी साझा कर दी है. अभी भी कई कर्मचारी बचे हुए हैं.

## बरेली मे बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर हत्या, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

यूपी के बरेली में बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर मनचलों ने उसके भाई के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी. बताया गया कि, आरोपियों ने उससे कहा की वह उसकी बहन से प्यार करते हैं, जब उसन ने इसका विरोध किया आरोपी लड़कों ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी. आरोपी लड़कों ने लाठी-डंडे और रॉड से उसकी बेदम पिटाई की और उसको मौत के घाट उतार दिया. मामला बरेली के शीशगढ़ थाना क्षेत्र से सामने आया है.इस संबंध में बताया गया कि, 14 साल का अर्सिल जोकि हाई स्कूल का छात्र था जिसे मन. चलों ने पीट पीटकर मार डाला. बताया गया कि, शीशगढ़ थाना क्षेत्र में हाइ. ॱस्कूल का छात्र अर्सिल अपने घर से दुकान सामान लेने जा रहा था, तभी कस्बे के ही अफगान ने उसे रोक लिया और कहा की मैं तेरी बहन से प्यार करता हूं. छात्र ने जब अफगान की बात का विरोध किया तो उसने अपने काम. रान, अदनान और नजरान को भी बुला लिया और फिर छात्र को बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी. आरोपियों ने छात्र को तबतक पीटा जब वह बेसुध नहीं हो गया. इसके आरोपी उसे वहीं मरणासन्न हालत में छोड़कर फरार हो गए.जब मारपीट की घटना की जानकारी छात्र के परिजनों को हुई तो घटना स्थल पर पहुंचे और छात्र को फौरन ही अस्पताल की तरफ ले जाने लगे. तभी छात्र ने रास्ते में दम तोड़ दिया. छात्र के चाचा ने इस मामले में आरोपी चारों भाईयों के लिए फांसी की सजा दिए जाने की मांग की है.मारपीट की घटना पर क्या बोली पुलिस? वही इस घटना को लेकरे सीओ अरुण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि, 14 साल के अर्सिल के साथ कुछ बच्चो से मारपीट हो गई थी. बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई है. शीशगढ़ थाने में 4 लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. 2 बच्चो को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है. बच्चे का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है.

## यूपी में दीपावली पर घर आना आसान नहीं! इन रेल गाड़ियों में लंबी हुई वेटिंग



**उत्तर प्रदेश** दिवाली के त्योहार पर हर साल मुंबई और दिल्ली जैसे बड़े शहरों से बड़ी संख्या में लोग अपने घर आते हैं. ऐसे में ट्रेनों से लेकर बस और हवाई जहाज के टिकट खरीदने में जमकर मारामारी देखने को मिलती है. इस बार भी ये राह आसान होने वाली नहीं है. दिवाली पर घर आने के लिए अभी से ट्रेनों में कंफर्म टिकट के लिए मशक्कत शुरू हो गई है. मुंबई से यूपी आने वाली ट्रेनों में 139 तक की वेटिंग पहुंच गई है. दिल्ली से आने वाली ट्रेनों का भी यही हाल है. 29 अक्टूबर से दीपावली का त्योहार शुरू हो जाएगा. इस दौरान मुंबई से लखनऊ आने वाले ट्रेन पुष्पक एक्सप्रेस की स्लीपर में 26, 27 और 28 अक्टूबर की ट्रोनें में वेटिंग सौ से ऊपर पहुंच गई है. जबकि वेटिंग रिग्रेट और थर्ड एसी रिग्रेट में वेटिंग 140 तक पहुंच चुकी ही. जिस हिसाब से टिकटों की मांग है उम्मीद है कि ये वेटिंग 200-300 तक पहुँच सकती है. ट्रेनों में बढ़ी वेटिंगदिल्ली से आने वाली ट्रेनों में भी ऐसी ही मारामारी देखने को मिल रही है. लखनऊ मेल की बात करते इन तीन तारीखों पर 67, 57, 68 व थर्ड एसी में 40 से 65 तक की वेटिंग चल रही है गोमती एक्सप्रेस, वैशाली, अयोध्या-दिल्ली, पद्मावत, गोरखधाम और कैफियत एक्सप्रेस में भी वेटिंग बढ़ती जा रही है. इसी तरह एलटीटी गोरखपुर एक्सप्रेस से लखनऊ आने वालों के लिए स्लीपर में 67, 72, 25 वेटिंग व थर्ड एसी में रिग्रेट हैं. कुशीनगर एक्सप्रेस और अवध एक्सप्रेस में वेटिंग बढ़ रही है, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि दिवाली पर यात्रा के लिए उन्हें जमकर पसीना बहाना पड़ सकता है. हवाई जहाज का किराया भी हुआ दोगुना ट्रेन ही नहीं हवाई जहाज की टिकटों की भी मांग बढ़ गई है. दिल्ली से लखनऊ तक हवाई जहाज से आने के लिए टिकटों के दाम कई गुना बढ़ गए हैं. जाहिर है इसके लिए लोगों को अपनी जेब काफी हद तक जेब ढीली करनी पड़ सकती है. इंडिगो, विस्तारा, एयर इंडिया की टिकटें 6 हजार से 10 हजार के बीच बिक रही हैं.


# स्कूल प्रबंधक की कार में मिला छात्र का शव, गाड़ी छोड़कर हुआ फरार परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

## सहपऊ थाना क्षेत्र के रसगंवा गांव स्थित डीएल पब्लिक स्कूल में कक्षा दो में पढ़ने वाले छात्र कृतार्थ का विद्यालय प्रबंधक की कार में मिला शव



**हाथरस** जिले में स्कूल प्रबंधक की कार में किशोर का शव मिला है। परिजनों ने प्रबंधक पर किशोर की हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हाथरस भेजा है।सहपऊ थाना क्षेत्र के रसगंवा गांव स्थित डीएल पब्लिक स्कूल में कक्षा दो में पढ़ने वाले छात्र कृतार्थ का विद्यालय प्रबंधक की कार में शव मिला है। छात्र कृतार्थ (11) गांव तुरसेन थाना चंदपा निवासी श्रीकृष्ण का बेटा था। सूचना मिलने पर मृतक किशोर के परिजनों ने सादाबाद में प्रबंधक की गाड़ी को घेर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।जानकारी के अनुसार, विद्यालय प्रबंधक छात्र अपनी गाड़ी में डालकर पहले सादाबाद और इसके बाद आगरा लेकर गया। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। आगरा से वापस आने के दौरान प्रबंधक सदाबाद में पशु अस्पताल के सामने गाड़ी छोड़कर भाग गया। इसके बाद परिजनों ने सहपऊ कोतवाली पहुंचकर काफी हंगामा किया। उन्होंने प्रबंधक पर किशोर की हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हाथरस भेजा है।

## मण्डलायुक्त ने 06 माह के कार्यकाल का अपनी कार्यशैली के बारे में अधिकारियों से लिया फीडबैक



अलीगढ़ कुछ बिरले ही उच्च पदस्थ अधिकारी ऐसे होते हैं जो अपनी कमियों को जानने की इच्छा रख उनमें सुधार लाने के लिए प्रयासरत रहते हैं। आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ चैत्रा वी. का शुमार ऐसे ही अधिकारियों में किया जा सकता है। विकास कार्यों की मण्डलीय समीक्षा के उपरान्त उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मण्डलायुक्त के रूप में उन्होंने 06 माह का कार्यकाल पूरा कर लिया है। आप सभी निःसंकोच बताएं कि इन 06 माह में मण्डल में क्या परिवर्तन देखने को मिला, आप सभी को उनसे क्या अपेक्षा है और वह अपनी कार्यशैली में क्या सुधार कर सकती हैं। इस अवसर पर सीडीओ कासगंज सचिन यादव ने मण्डलायुक्त को कासगंज का एक जनपद–एक उत्पाद के तहत जरी–जरदोजी से बने भगवान विष्णु के अवतार वाराह जी का चित्र भेंट किया। मुख्य अभियंता एटा ने कहा कि उनके के 6 माह के कार्यकाल में उनकी सतत मॉनिटरिंग से अधिकारियों में संवेदनशीलता बढ़ी है। जेसी इंडस्ट्रीज ने कहा कि कमिश्नरी में व्यवस्थाओं में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने हर समस्या को सकारात्मक सोच के

साथ चुनौती के रूप में लेते हुए पूरा किया है। सीएमओ हाथरस ने कहा कि आपकी को डांट भी सकारात्मकता से लबरेज होती है, जिससे अधिकारी को कार्य करने के लिए एक नई ऊर्जा मिलती है। एडी बेसिक ने कहा कि आप द्वारा जमीनी स्तर पर भी समस्याओं पर पैनी नजर रखी जाती है।मण्डलायुक्त चैत्रा वी. ने स्वयं द्वारा किए जा रहे कार्यों में कमियों एवं सुधार की गुंजाइश के बारे में भी अधिकारियों से फीडबैक प्राप्त करते हुए कहा कि अपने अनुभवों के आधार पर आज जो फीडबैक प्राप्त हुआ है उससे उनको कार्य करने में एक नई ऊर्जा प्राप्त होगी और उससे शासकीय कार्यों को नया आयाम मिलेगा। अन्त में उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वह अपने घर एवं कार्यालय में स्वच्छता को विशेष स्थान दें।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक संपन्न

अलीगढ़ मंडल अलीगढ़ चैत्रा वी0 की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में विकास कार्यों की मण्डलीय समीक्षा की गई। समीक्षा में अगस्त माह में विकास कार्यों के लिए एटा 17वें, अलीगढ़ 47वें, हाथरस 60वें और कासगंज 65 वें स्थान पर पाया गया। जबकि जुलाई माह में एटा 38वें, अलीगढ़ 75वें, हाथरस 53 वें और कासगंज 63वें स्थान पर रहा था। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान में मण्डल की स्थिति संतोषजनक न पाए जाने पर मंडलायुक्त ने सबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा स्वास्थ्य विभाग हो या पंचायतीराज, शिक्षा हो या फिर विभिन्न क्षेत्रों में साफ सफाई सभी का बुरा हाल है, सुधार लाया जाए। संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान में प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रधान और वार्ड सदस्यों की शत–प्रतिशत उपस्थित के निर्देश देते हुए माइक्रोप्लान तैयार करने के निर्देश दिए। यूनिसेफ के कॉर्डिनेटर को भी प्रचार–प्रसार करते हुए प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त ने विभागीय योजनाओं में टॉप 5 में रहने पर प्रशस्ति पत्र दिए जाने की घोषणा कर गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अगली बैठक में सभी विभागीय अधिकारी अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का प्रस्तुतिकरण देंगे। मंडलायुक्त ने बीएसए, डीपीआरओ एवं समाज कल्याण अधिकारी कासगंज द्वारा बैठक में प्रतिभाग न करने पर वेतन काटने के निर्देश दिए। डीसी मनरेगा हाथरस को जिले की 58 वीं पोजिशन रहने पर चेता. वनी निर्गत करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में सड़क, बिजली और शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुएफसल एवं जानमाल नुकसान के सर्वे की रिपोर्ट प्रस्तुत करने एवं प्रभावितों को राहत एवं सहायता पहुंचाने के भी निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। डे–एनआरएलएम बैंक क्रेडिट लिंकेज में कासगंज श्इश्श श्रेणी में पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए सीडीओ को मोनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। अन्य तीन जिलों की रैंकिंग पर भी असन्तोष प्रकट किया गया। गौवंशो को पर्याप्त सुरक्षा और संरक्षण में असंतोषजनक प्रगति पर अपर निदेशक पशुपालन को चेतावनी देते हुए गौ आश्रय स्थलों की स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग की समीक्षा में संतोषजनक गौसंरक्षण न करने पर एटा, हाथरस एवं कासगंज सीवीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।जल जीवन मिशन योजना में गिरती रैंकिंग पर अधिशासी अभियंता मो0 इमरान ने मंडलायुक्त को आश्वस्त किया कि दिसम्बर माह में कार्य पूरे हो जाएंगे। ग्राम पंचायतों में उपलब्ध धनरा. शि व्यय न किए जाने पर डीडी पंचायत अमरजीत को कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश देते हुए ग्राम पंचायतों में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष विकास कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी डीपीआरओ के कार्यों की समीक्षा करते हुए धनराशि का सदुपयोग कराएं।मध्यान्ह भोजन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए एडी बेसिक एस0के0 वर्मा को प्रभावी एवं ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने आईसीडीएस भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए। आयुक्त ने सिकन्दराराऊ–जलेसर एवं एटा–जलेसर मार्ग के मरम्मत के लिए शासन स्तर से एस्टीमेट स्वीकृति के लिए विशेष पहल करने के निर्देश दिए। नई सड़कों के निर्माण एवं सेतु निर्माण के बारे में भी विचार विमर्श करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बरसात के दौरान टूटी सड़कों की मरम्मत करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में कृत्रिम गर्भाधान, मत्स्य संपदा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, सड़क निर्माण, चिकित्सा सुविधाएं, पोषण अभियान, प्रोजेक्ट अलंकार के संबंध में भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।बैठक में अपर आयुक्त, संयुक्त विकास आयुक्त, सभी सीडीओ, पीडी, डीसी एनआरएलएम, डीसी मनरेगा, जेसी इंडस्ट्रीज, उप निदेशक अर्थ संख्या समेत मण्डलीय एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएपी खाद की कालाबाजारी करने वालो कारवाई नही हुई तो भारतीय किसान यूनियन सुनील करेगा प्रदर्शन.सुनील चौधरी



अलीगढ़ के जिला कलेक्ट्रेट पर सैकड़ो की संख्या मे पहुंचे भारतीय किसान यूनियन सुनील के पदाधिकारियो ने भारी बरसात के कारण बर्बाद हुई किसानों की फसल और मजदूर बेसहारा लोगो के जल भराव से मकानों क्षति का मुआवजा और डी०ए०पी० खाद की आपूर्ति की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया व मांगो को लेकर एक तीन सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी विशाख जी को सौंपा।

मीडिया को जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील चौधरी ने कहा कि भारी बरसात के कारण किसानों की धान और बाजरा आदि की फसल बर्बाद हो गयी है।गरीब किसान मजदूर बेसहारा लोगों के जलभराव के कारण जो मकान क्षतिग्रस्त और ध्वस्त हो गये है उनकी भरपाई हेतु सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाय।जनपद अलीगढ़ में डी०ए०पी० खाद न तो सरकारी व प्राईवेट दुकान पर मिल रहा है भारी किसानो की भीड़ मायूस होकर लौट रही है डी०ए०पी० खाद की जो किल्लत कालाबाजारी के कारण उत्पन्न हो गयी है उसको तत्काल प्रभाव से रोका जाये और किसानों को हर जिले में डी०ए०पी० खाद उपलब्ध करायी जाये।भारतीय किसान यूनियन सुनील मांग करता है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी बिन्दुओं पर संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी अलीगढ़ को निर्देशित करें और सर्वे कराकर क्षतिग्रस्त फसल और क्षतिग्रस्त मकानों का उचित मुआवजा दिलवायें और डी०ए०पी० खाद उपलब्ध कराने का आदेश पारित करें जिससे किसान अपनी फसल को डी०ए०पी० खाद के माध्यम से समय पर बुवाई कर सके।डीएपी खाद के नाम पर अगर कालाबाजारी हुई तो भारतीय किसान यूनियन सुनील प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।इस मौजूद युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जयवीर सिंह जी जिला अध्यक्ष किशन सिंह लोधी युवा जिला अध्यक्ष कौशलेंद्र बघेल जी प्रदेश सचिव विनोद चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष काकू यादव मंडल महासचिव रवि बघेल आदेश प्रधान जी मनोज शर्मा जिला उपाध्यक्ष मनोज शर्मा तहसील महासचिव राहुल गौतम एहते श्याम अमित चौधरी तरुण चौधरी आकाश चौधरी रितेश चौधरी सैकड़ो की संख्या में किसान मौजूद रहे


## आवश्यकता है

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र **जननायक सम्राट** के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक ब्यूरो एंव संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें –

**अमित कुमार वर्मा**

सम्पादक करें

**मो:8218049162,8273402499**



## जननायक सम्राट

हिन्दी साप्ताहिक

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर ,गली नम्बर 5, अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक

**अमित कुमार वर्मा**

**सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा।**


## हरदुआगंज तापीय परियोजना कासिमपुर में धूमधाम से मनाया गया अभियंता दिवस





**अलीगढ़** हरदुआगंज तापीय परियोजना में अभियंता दिवस बड़ी धूमधाम से हर्ष उद्यान रिसोर्ट कासिमपुर में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक इंजी0 अतुल कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अंशु सक्सेना द्वारा दीप प्रज्ज्लन कर किया गया। इस मौके पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन परियोजना के अभियंताओं एवं अधिकारियों द्वारा किया गया जिसमें नाटक, नृत्य, कब्वाली, गिटार गायन और भारतीय परिधानों का फैशन शो विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।कार्यक्रम का संचालन अधिकारी क्लब के सचिव इंजी0 राजीव कुमार के तत्वाधान में इंजी0 गौरव और इंजी श्वेता ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के इनाम लकी ड्रॉ के माध्यम से दिए गए। इस मौके पर हरदुआगंज तापीय परियोजना के मुख्य अभियंता इंजी0 संजय कुमार वर्मा एवं इंजी हरि किशुन गुप्ता और जवाहरपुर तापीय परियोजना एटा के मुख्य महाप्रबंधक इंजी0 अजय कुमार, मुख्य अभियंता इंजी0 प्रेम धवन, हिमांशु मित्तल, कुलदीप सिंह समेत अन्य अभियंता उपस्थित रहे।




# क्या डार्क चॉकलेट खा सकते हैं डायबिटीज के मरीज?

डार्क चॉकलेट डायबिटीज मरीजों के लिए कुछ मायनों में फायदेमंद हो सकती है, लेकिन यह ध्यान रखना जरूरी है कि आप कितनी मात्रा में चॉकलेट खाते हैं और सही प्रकार की चॉकलेट चुनते हैं. यह सबसे ज्यादा जरूरी है. डार्क चॉकलेट के पॉलीफेनॉल इंसुलिन संवे. दनशीलता को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं. जो रक्त शर्करा को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है.डायबिटीज मरीज डार्क चॉकलेट खा सकते हैं? लेकिन आप आज एक रिसर्च के बारे में बताएंगे कि जिसमें दावा किया है कि डायबिटीज मरीज चॉकलेट खा सकते हैं. एंडोक्राइन एब्सट्रैक्ट्स के अनुसार यह स्नैक आपके



मधुमेह के जोखिम को कम कर सकता है.डार्कचॉकलेट का इंसुलिन संवेदनशीलता और रक्त शर्करा पर सकारात्मक प्रभावों से जुड़ा है. लेकिन इससे पहले कि आप चॉकलेट को शामिल कर सकते हैं. डार्क चॉकलेट एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है और पोषक तत्वों से भरपूर होती है. डार्क चॉकलेट में फ्लेवोनोइड्स नामक फाइटोन्यूट्रिएंट्स होते हैं. जो पौधे के रसायन होते हैं जो एंटीऑक्सीडेंट के रूप में कार्य करते हैं और कैंसर की रोकथाम और हृदय स्वास्थ्य में भूमिका निभा सकते हैं.डार्क चॉकलेट और मधुमेह के बीच कनेक्शनडार्क चॉकलेट में पॉलीफेनोल होते हैं, जो नैचुरल तरीके से शरीर में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं (जो शरीर को हानिकारक अणुओं से होने वाले नुकसान से बचाते हैं). डार्क चॉकलेटमेंपॉलीफेनोल इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार कर सकते हैं. या शरीर में इंसुलिन कितनी अच्छी तरह काम करता है.

## जंक फूड खाने वाले सावधान! खतरे में आपका दिल-दिमाग, कमजोर हो सकती है याददाश्त

,

पिज्जा, बर्गर, फ्राइज, पैक्ड चिप्स, रेड मीट, बेकन, हॉट डॉग्स और सॉसेज जैसे जंक और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने वालों के लिए चेतावनी आई है. ऐसे लोगों की याददाश्त गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है. मै. साचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल के शोधकर्ताओं ने एक स्टडी में पाया कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स ¼Ultra Processed Foods½ की थोड़ी सी भी मात्रा याददाश्त कमजोर होने और स्ट्रोक का खतरा बढ़ा देती है. पिछले दिनों अमेरिका में अल्जाइमर्स एसोसिएशन



की इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में भी एक रिसर्च पेश की गई. 43 सालों तक चली इस रिसर्च में बताया गया कि ज्यादा मात्रा में अल्ट्रा प्रॉसेस्ड फूड खाने वालों में डिमेंशिया का खतरा गंभीर है. जिसमें याददाश्त और सोचने की क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो जाती है. मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल की रिपोर्ट क्या कहती हैडॉ. डब्ल्यू टेलर किम्बर्ली के नेतृत्व में न्यूरोलॉजी में पब्लिश इस रिसर्च में पाया गया कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स के साइड इफेक्ट्स के बारें में बताया गया है. इससे पहले रिसर्च में जंक फूड को मोटापे, हार्ट डिजीज और डायबिटीज के लिए जिम्मेदार पाया गया था. हालांकि, नई स्टडी में इसे मेमोरी से जोड़ा गया है.

## रात में बची हुई दाल को फेंके नहीं बल्कि बनाएं स्पेशल चटपटे पराठे, ये रेसिपी आएगी काम



अधिकतर लोग रात में बची हुई दाल को कचरे में फेक देते हैं, लेकिन ऐसा करने से समान खराब जाता है साथ ही आपको इसे फेकते वक्त बहुत बुरा लगता है. अगर आप भी रात की बची हुई दाल का इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो यह खबर आपके लिए है. आज हम आपको एक ऐसी रेसिपी के बारे में बताएंगे, जिसे फॉलो कर आप रात की बची हुई दाल का इस्तेमाल कर सकते हैं. आइए जानते हैं उस डिश के बारे में.

रात की बची दाल का ऐसे करें इस्तेमाल बची हुई दाल से आप स्वादिष्ट और चटपटे पराठे बना सकते हैं. ये पराठे आप नाश्ते या दोपहर के भोजन में खा सकते हैं. यही नहीं अगर आपका बच्चा खाना खाने में नाटक करता है, तो आप इन पराठे को अपने बच्चों के टिफिन में पैक करके दे सकते हैं. इससे आपका बच्चा बड़े चाव से पराठे खाएगा.दाल से पराठे बनाने के लिए कुछ सामग्रीबची हुई रात की दाल से पराठे बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत पड़ेगी. जैसे 1 कप बची हुई दाल, 1 कप गेहूं का आटा, 1/4 छोटी चम्मच गरम मसाला, 1/2 छोटी चम्मच अजवाइन, 1/4 छोटी चम्मच हींग, 1 छोटी चम्मच लाल मिर्च पाउडर, 1 छोटी चम्मच धनिया पाउडर, स्वादानुसार नमक और तेल या घी तलने के लिए. आप इन सभी सामग्री का इस्तेमाल कर टेस्टी दाल के पराठे बना सकते हैं.दाल से पराठे बनाने का तरीकादाल के पराठे बनाने के लिए सबसे पहले बची हुई दाल को अच्छी तरह से मसल लें, ताकि कोई दाने न रह जाएं. इसके बाद आप एक बड़े बर्तन में गेहूं का आटा लें. इसमें अजवाइन, हींग, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें. अब इसमें मसली हुई रात की बची दाल डालकर थोड़ा–थोड़ा पानी डालते हुए आटा गूंथ लें.जब आपका आटा अच्छी तरह से गूंध जाएं, तब आप इस आटे की छोटी–छोटी लोइयां बनाकर प्रत्येक लोई को बेलकर गोल आकार दे दें. अब इसमें थोड़ा सा तेल लगाकर फिर से बेल लें. अब आप गैस पर एक तवा गर्म करें और उस पर पराठे को रख कर दोनों तरफ से पका लें, जब पराठा दोनो तरफ से सुनहरा होने लगे, तब आप इसपर तेल या घी लगा कर सेक लें. अब आपके गरमा गरम पराठे तैयार है. आप इसे चटनी या सॉस के साथ खा सकते हैं.

## सूजी का इस्तेमाल कर घर पर बनाएं यह तीन चीजें



सूजी से बनी डिश खाने में स्वादिष्ट होने के साथ–साथ सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद मानी गई है. ऐसे में अब आप घर पर रहकर सूजी से तीन खास डिश बना सकते हैं. आइए जानते हैं इन रेसिपी के बारे में.सूजी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है. इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर को तंदुरुस्त रखने में मदद करता है. ऐसे में हर इंसान सूजी से बनी चीजें खा सकता है. यह शरीर के लिए हेल्दी होती है. सबसे पहले आप घर पर कम समय में सूजी का उपमा तैयार कर सकते हैं. इसे बनाने का तरीका बहुत आसान है और यह कम समय में बनकर तैयार हो जाता है.

**सूजी का उपमा**

सूजी का उपमा बनाने के लिए सबसे पहले आप एक पैन में तेल गरम करें, अब इसमें राई और हींग डालें. इसके बाद प्याज और टमाटर डालकर इसे सुनहरा होने तक भून लें. फिर इसमें मटर और गाजर डालकर 2–3 मिनट तक भूनें. जब सारी चीज पक जाए, तब इसमें सूजी डालकर लगातार चलते रहें.जब सूजी हल्की सुनहरी हो जाए, तब इसमें पानी, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और स्वादानुसार नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें. अब ढक्कन लगाकर धीमी आंच पर 5–7 मिनट तक पकाएं और फिर सर्व कर दें.

**सूजी का हलवा**

इसके अलावा आप सूजी का हलवा भी बना सकते हैं. यह स्वादिष्ट व्यंजन है, जो सेहत के लिए भी फायदेमंद माना गया है. सूजी का हलवा बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में घी गर्म करें, उसमें सूजी डालकर चलाते रहें. जब सूजी हल्की सुनहरी हो जाए, तब इसमें दूध और थोड़ा पानी डालकर धीरे–धीरे चलाते रहें.जब दूध थोड़ा सुख जाए, तो इसमें चीनी और इलायची पाउडर डालकर अच्छी तरह मिला लें. अब इसके बाद इसमें कुछ ड्राई फ्रूट डालकर धीमी आंच पर 3 से 4 मिनट तक हलवे को पकने दें. जब यह पक जाए, तो इसे एक प्लेट में निकालकर सर्व कर दें.

**सूजी के ढोकले**

सूजी के ढोकले एक स्वादिष्ट और हेल्दी स्नैक हैं. इन्हें आप नाश्ते या शाम में बना सकते हैं. इसे बनाने के लिए सबसे पहले सूजी और दही को मिलाकर 30 मिनट के लिए रख दें. अब इसमें हल्दी पाउडर, बेकिंग सोडा, स्वाद अनुसार नमक डालकर सभी को मिला लें. अब एक हेलो ढोकला स्टीमर में थोड़ा सा तेल लगाकर ग्रीस कर लें.बैटर को ढोकला स्टीमर में डालें और 20 से 25 मिनट के लिए स्टीम करें. जब यह अच्छे तरीके से पक जाए और थोड़ा गुनगुना हो जाए, तो आप इसे एक प्लेट में निक. ालकर काट कर सर्व कर सकते हैं. सूजी से बनी यह तीन रेसिपी आप अपने घर पर बना सकते हैं.

## स्वस्थ रहने के लिए ये टिप्स अपनाएं

रोजाना 20–30 मिनट का समय निकालकर वर्कआउट करें.
संतुलित आहार लें, जिसमें फल, सब्जियां, साबुत अनाज, और कम वसा वाले डेयरी उत्पाद शामिल हों.
भरपूर मात्रा में पानी पिएं.
6–8 घंटे की नींद लें.
नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच, परीक्षण, और टीकाकरण करवाते रहें.
सीटबेल्ट और बाइक हेलमेट पहनें.
घर में धुआँ और कार्बन मोनोऑक्साइड डिटेक्टर का इस्तेमाल करें.
भोजन के समय अपने हिस्से का आकार कम करें, या 3 बड़े भोजन के बजाय 4 से 5 छोटे भोजन खाने का प्रयास करें.
सोने से ठीक पहले बहुत ज़्यादा खाना खाने से बचें.
अपना आखिरी खाना सोने से कम से कम 2 से 3 घंटे पहले खा लें

# टशन दिखाने का नशा! दिल्ली की स्कूल में बैग में हथियार लेकर पहुंचे छात्र, क्लास में लहराते हुए बनाई रील


## बैग की तलाशी लेने पर आठ चाकू और तीन लोहे के पंच बरामद हुए



**दिल्ली** सोशल मीडिया पर वायरल होने के चक्कर में युवाओं को कानून की भी परवाह नहीं रही है. दिल्ली के सरकारी स्कूल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो अशोक नगर के बी–ब्लॉक स्थित स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों का है. दसवीं की क्लास में पीछे बैठे छात्र हथियार लहराते नजर आ रहे हैं. छात्रों ने हाथों में लोहे का पंच भी पहन रखा है. हैरानी की बात है कि 10वीं के छात्रों ने खुद वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया. स्कूल की छुट्टी खत्म होने से पहले छात्रों का वीडियो वायरल हो गया. वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग और स्कूल प्रबंधन मेंहड़कंप मच गया. हरकत में आये स्कूल प्रबंधन ने मामले का संज्ञान लेते हुए छात्रों का नाम काटकर बाहर कर दिया. सूचना मिलने पर पुलिस भी स्कूल में पहुंचकर जांच शुरू की. वीडियो वायरल होने पर मचा हड़कंपवीडियो क आधार पर छात्रों को हिरासत में लेकर हथियार जब्त कर लिया गया. बताया जा रहा है कि छात्रों ने रील बनाने के लिए हरकत की है. पुलिस ने छात्रों के बैग की तलाशी ली. तीन छात्रों के बैग से आठ चाकू और तीन लोहे के पंच बरामद हुए. हथियार को पुलिस ने जब्त कर लिया. छात्रों को जूवनाइल जस्टिस कोर्ट में पेश कर बाल सुधार गृह भेजा जाएगा.छात्र कुख्यात गैंगस्टर से हैं प्रभावितपु. लिस के मुताबिक वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि क्लास चल रही है. शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं. पढ़ाई के दौरान क्लास में पीछे की सीट पर बैठे छात्र रील बना रहे हैं. पता चला है कि सभीछात्र एक कुख्यात गैंगस्टरसेप्रभावित हैं.पुलिस मामले की छानबीन कर पतालगा रही कि छात्रों तक हथियार कैसे पहुंचा और कब से हथियार लेकरस्कूल आ रहे हैं. सवालों का जवाबजानने केलिए पुलिसकाउंसलर की भी मदद ले रही है.

## कानपुर से परीक्षा देने आई नर्सिंग की छात्रा से दुष्कर्म,

कानपुर से आई 24 वर्षीय नर्सिंग छात्रा को कैंट ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। आरोपी ने अश्लील वीडियो भी बनाया और डिलीट करने के बहाने से गाजियाबाद ले जाकर जबरन शादी कर ली। अब 10 लाख रुपये न देने पर वीडियो फेसबुक व यूट्यूब पर डालने की धमकी दे रहा है। विधनू थाना पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर मुकदमा कैंट थाने में स्थानांतरित कर दिया है।पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके गांव में किराये पर कमरा लेकर दीप सचान निवासी बम्हौरी पोस्ट व थाना सजेती तहसील घाटमपुर, कानपुर नगर रहता था। मई में वह परीक्षा देने प्रयागराज आ रही थी। इसका पता चलने पर दीप ने कहा कि प्रयागराज में उसे भी काम है, ऐसे में साथ चलते हैं। आरोप है कि यहां आने के बाद शंभू बैरिक में ले जाकर कोल्ड ड्रिंक व पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और उससे दुष्कर्म किया। इसका वीडियो बना लिया और फिर इसे दिखाकर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करता रहा।वीडियो डिलीट करने के बहाने धोखे से गाजियाबाद ले गया और वहां धमकाकर आर्य समाज मंदिर, कवि नगर गाजियाबाद में नौ जून को शादी कर ली। हालांकि वीडियो नहीं डिलीट किया। फर्जी तरीके से पेपर तैयार कराकर हस्ताक्षर कराया और मारपीट कर चेन–अंगूठी, घड़ी व पैसे भी छीन लिए। अब वह 10 लाख रुपये व पिता से जमीन दिलाने की मांग कर रहा है। बात न मानने पर वीडियो फेसबुक व यूट्यूब पर डालने की धमकी दे रहा है। छात्रा ने कानपुर में आला पुलिस



अफसरों से शिकायत की। इसके बाद विधनू थाने में जीरो एफआईआर दर्ज कर मामला कैंट थाने में स्थानांतरित कर दिया गया। कैंट प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### शंकराचार्य ने भाजपा को घेरा, बोले- गौहत्या व गौमांस के निर्यात पर पाबंदी न लगाकर हिंदुओं के साथ धोखा किया



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गौहत्या और गौमांस के निर्यात के मुद्दे पर भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा कि देश में गौहत्या बंद होने तक चुप नहीं बैठेंगे।उत्तराखंड के ज्योतिर्मठ के संत स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती सोमवार को लखनऊ में थे। उन्होंने इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रेस वार्ता कर आरोप लगाया कि भाजपा ने देश के बहुसंख्यक हिंदू समाज का वोट लेकर उनके साथ धोखा किया। तीन बार लगातार सरकार में रहने के बावजूद गौ हत्या को रोकने और गौ– प्रतिष्ठा के लिए भाजपा ने कुछ भी नहीं किया इसलिए उन्हें मठ से निकलना पड़ा।इस मुद्दे को मुहिम बनाकर वह अपने समर्थकों के साथ भारत भ्रमण पर हैं। उन्होंने कहा कि इस पुनीत काम की शुरुआत उन्होंने राम की नगरी अयोध्या से की है और आज वो लक्ष्मण की नगरी लखनऊ में हैं। वह इस आंदोलन को लेकर देश के सभी राज्यों में जाएंगे और देश में गौहत्या बंद होने तक चुप नहीं बैठेंगे।

## साइकिल से घर जा रहे स्कूली छात्र को ट्रक ने मारी टक्कर, हालत गंभीर, ट्रामा रेफर किया गया

**सीतापुर** जिले की महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को निजी स्कूल में पढ़ने वाले एक छात्र को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने उसे लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर भेज दिया। जहां उसका उपचार जारी है।कोतवाली क्षेत्र के रेवान गांव निवासी रवि (12) व उसका भाई कमल (7) सोमवार को रोज की तरह नगर में स्थित आदर्श विद्या मंदिर इंटर कालेज से पढ़कर साईकिल से अपने घर को जा रहे थे तभी पैतेपुर रोड पर एशिया कालोनी के सामने पीछे से तेज गति से जा रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे साइकिल चला रहा रवि गंभीर रूप से घायल को गया। वहीं, उसके भाई कमल को मामूली चोट आयी। रवि को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में भर्ती करवाया गया।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल रवि को लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहीं सूचना पाकर मौके पर विधायक आशा मौर्या पहुंचीं और अधीक्षक डॉ. आशीष वर्मा से घायल की हालत जानी। विधायक आशा मौर्या ने घायल के परिजनों को ढांढ़स बंधाया।मजदूरी करते हैं रवि के पिता घायल रवि के पिता राजेश मजदूरी करते है। आर्थिक स्थित ठीक नहीं है। कान से कम सुनाई भी देता है। वहीं विद्यालय के प्रबंधक भी मौके पर पहुंचे। घायल के परिजनों को बेटे के इलाज हेतु आर्थिक सहायता दी। क्राइम इंस्पेक्टर सुरेश यादव ने बताया कि ट्रक चालक व ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

### प्रयागराज में सपाइयों का अनोखा प्रदर्शन रू डीएम को गाय दान करने जा रहे पशुपालकों की पुलिस से तीखी नोकझोंक

प्रयागराज सपा नेता संदीप यादव ने कहा कि शहर में पशुपालकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। गाय और भैंस को शहर के बाहर किया जा रहा। पशुओं को पकड़ लिया जाता है और मनमाना पैसा लेकर फिर छोड़ा जाता है। कहा कि इस शहर में कुत्ता, बिल्ली पालन का लाइसेंस दिया जा रहा है, लेकिन गाय पालने के लिए लाइसेंस नहीं दिया जाता है।पशुओं को शहर के बाहर करने के जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन के फरमान के खिलाफ पशु पालकों ने सपा नेता संदीप यादव के नेतृत्व में अनोखा प्रदर्शन किया। गाय और भैंस के गले में नारे लिखीं तख्तियां लेकर पशु पालकों ने प्रदर्शन किया। डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को गाय दान करने जा रहे पशु पालकों की जा. र्जटाउन के पास पुलिस से तीखी नोकझोंक हो गई। पुलिस ने कई सपा नेताओं को हिरासत में ले लिया है। सपा नेता संदीप यादव ने कहा कि शहर में पशुपालकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। महाकुंभ मेला और स्मार्ट सिटी के नाम पर पशुपालकों पर अत्याचार हो रहा है। गाय और भैंस को शहर के बाहर किया जा रहा है। पशुओं को पकड़ लिया जाता है और मनमाना पैसा लेकर फिर छोड़ा जाता है। कहा कि इस शहर में कुत्ता, बिल्ली पालन का लाइसेंस दिया जा रहा है लेकिन गाय पालने के लिए लाइसेंस नहीं दिया जाता है। भाजपा गाय के नाम पर वोट तो मांगती है लेकिन गाय पालन वालों का उत्पीड़न कर रही है। इसलिए पशुपालकों ने डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को गाय दान करने का फैसला किया है। इसके अलावा पशु पालकों के पास कोई विकल्प नहीं बचा है।

### सपनों का शहजादा समझ रचाई थी शादी, हकीकत पता चली तो अरमान हुए ढेरय अब आबरू की खातिर भटक रही शहजादी

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में एक युवती से आरोपी ने खुद को अविवाहित बताकर तीसरी शादी कर ली। उस पर बाहरी लोगों के साथ संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। जब मना किया तो पिटाई की गई। उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेज कर आरोपी पति व ससुरालीजन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की है। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उनकी शादी 17 अक्तूबर 2023 को गांव नरौरा, थाना अवागढ़, एटा निवासी एक युवक के साथ हुई है। ससुराल जाने के कुछ दिनों बाद उसे पता चला कि पति पहले से दो शादियां कर चुका है। उसने खुद को अविवाहित बताकर उनसे तीसरी शादी की हैन्च छमूेरू सपनों का शहजादा समझ रचाई थी शादी, हकीकत पता चली तो अरमान हुए ढेर अब आबरू की खातिर भटक रही शहजादी मैनपुरी में युवती ने सपनों का शहजादा समझ युवक से शादी रचाई थी। उसकी हकीकत पता चली तो पलभर में अरमान ढेर हो गए। अब न्याय को भटक रही है।उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में एक युवती से आरोपी ने खुद को अविवाहित बताकर तीसरी शादी कर ली। उस पर बाहरी लोगों के साथ संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। जब मना किया तो पिटाई की गई। उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेज कर आरोपी पति व ससुरालीजन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की है। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उनकी शादी 17 अक्तूबर 2023 को गांव नरौरा, थाना अवागढ़, एटा निवासी एक युवक के साथ हुई है। ससुराल जाने के कुछ दिनों बाद उसे पता चला कि पति पहले से दो शादियां कर चुका है। उसने खुद को अविवाहित बताकर उनसे तीसरी शादी की है। इसके बाद पति, सास ननद उन पर गलत काम करने का दबाव बनाने लगे। मायके वालों ने आकर ससुरालीजन को समझाया लेकिन वह लोग नहीं मानें। एक फरवरी 2024 को पति के जीजा गांव वीरनगर, एटा उन्हें अपने मकान पर ले गए। वहां उनके साथ जबरदस्ती गलत काम किया। जब इसके बारे में पति को बताया तो उनकी पिटाई की ओर मायके छोड़ गए। इस घटना के एक माह बाद वह पिता के साथ ससुराल पहुंची तो ससुरालीजन आग बबूला हो गए। कुछ लोगों के समझाने पर उन्हें ससुराल में रख लिया गया। इसके बाद पति, पति के जीजा,ननद पिंकी अवागढ़ स्थित मकान पर ले गए। वहां मौजूद कुछ लोगों के साथ शराब पीने के बाद उन पर संबंध बनाने का दबाव बनाया। मना करने पर उनकी पिटाई की गई। 30 अगस्त सभी ने उनकी पिटाई की और घर से निकाल दिया। तभी से वह अपने मायके में रह रहीं हैं। पीड़ता ने मुख्यमंत्री से ससुरालीजन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने व कार्रवाई की मांग की है।